# पुनरूत्थान का प्रमाण

## The Evidence Of The Resurrection

भाई विलियम ब्रन्हम के लेख–लूका रचित सुसमाचार में 24वां अध्याय 1 से 32वें पद तक भाई ऑरमन नेविल के द्वारा पढ़ा गया। सम्पादक

**सप्ताह के पहले दिन बड़े सवेरे, वे उन सुगन्धित वस्तुओं को जो उन्होंने तैयार की थी। लेकर कब्र पर आईं। उन्होंने पत्थर को कब्र पर से लुढ़का हुआ पाया। वे कब्र के भीतर गईं, किन्तु उन्होंने प्रभु यीशु का शव न पाया। जब वे इस बात से भौंचक्की हो गईं थीं तब देखो, दो पुरुष चमकीले वस्त्र पहने हुए उनके पास आकर खड़े हो गए। वे डर गईं और भूमि की ओर मुँह झुकाएं हुए खड़ी रहीं तब उन्होंने उनसे कहा, ''तुम जीवित को मरे हुओं में क्यों ढूंढ रही हो? वह यहां नहीं है परन्तु जी उठा है। स्मरण करो उसने गलील में रहते हुए तुमसे क्या कहा था? अवश्य है कि मनुष्य का पुत्र पापियों के हाथ में पकड़वाया जाए और क्रूस पर चढ़ाया जाए और तीसरे दिन मृतकों में से जी उठें।'' तब यीशु की बातें उनको स्मरण हो आईं। स्त्रियां कब्र से लौटीं और उन्होंने उन ग्यारहों को तथा दूसरे सब लोगों को ये सब बातें बताईं। जिन्होंने प्रेरितों से ये बातें कहीं, वे स्त्रियां थीं, मरियम मगदलीनी योअन्ना और याकूब की माता मरियम तथा उनके साथ की दूसरी स्त्रियां। परन्तु उनकी बातें प्रेरितों तथा दूसरे लोगों को कहानी सी जान पड़ीं और उन्होंने उनका विश्वास न किया। तब पतरस उठा और दौड़कर कब्र पर गया। उसने झुककर केवल कपड़े पड़े देखे।**

जो हुआ था, उस पर अचम्भा करता हुआ वह अपने घर लौट गया। उसी दिन यीशु के दो शिष्य इम्माऊस नामक एक गांव को जा रहे थे। यह गांव यरूशलेम से कोई सात मील की दूरी पर है। वे इन घटनाओं के बारे में आपस में बातचीत करते हुए जा रहे थे। जब वे आपस में बातचीत और विचार-विमर्श कर रहे थे तब यीशु स्वयं उनके पास आए और उनके साथ-साथ चलने लगे। परन्तु इन शिष्यो की आंखे ऐसी बंद कर दी गई थीं कि वे यीशु को पहचान न सके।

यीशु ने उनसे पूछा, ''तुम कौन सी घटनाओं के बारे में चलते-चलते आपस में बातें कर रहे हो?

जब उन्होंने यह सुना तो वे उदास से खड़े रह गए। उनमें से एक का नाम क्लियुपास था, उसने कहा,

''क्या तुम यरूशलेम में एक मात्र ऐसे परदेशी हो जो यह नहीं जानते कि इन बीते दिनों में यरूशलेम में क्या हुआ है?''

यीशु ने उनसे पूछा, ''क्या हुआ है? कौन सी बाते मैं नहीं जानता?''

उन्होंने यीशु से कहां, ''यीशु नासरी के विषय में क्या तुम नहीं जानते? वह परमेश्वर और सब लोगों की दृष्टि में कर्म और वचन में सामर्थी नबी थे। महायाजको और हमारे अधिकारियों ने यीशु को पकड़वा दिया कि उन्हें मृत्यु का दण्ड दिया जाए। परन्तु हमें आशा थी कि यही वह है जो इस्राएल का उद्धार करेगा। इन सब बातों के अतिरिक्त एक बात और इस घटना को हुए तीसरा दिन हुआ है, हम शिष्यों में कुछ स्त्रियां भी हैं। इन स्त्रियों ने हमें आश्चर्य में डाल दिया है। वे प्रातःकाल कब्र पर गईं थीं। परन्तु यीशु का शव नहीं मिला इन्होंने लौटकर हमें बताया कि उन्होंने स्वर्गदूतों का दर्शन पाया है। स्वर्गदूतों ने उनसे कहा कि यीशु जीवित है। तब हमारे कुछ

**साथी कब्र पर गए, जैसा स्त्रियों ने कहा था वैसा ही पाया, परन्तु उन्होंने यीशु को वहां नहीं देखा।''**

**यीशु ने उनसे कहा, ''हे निर्बुद्धियों, तुम नबियो की सब बातों पर विश्वास करने में कितने मंदमति हो। क्या यह आवश्यक नहीं था कि मसीह दुःख उठाता और तब अपनी महिमा में प्रवेश करता? तब यीशु ने मूसा तथा सब नबियों से आरम्भ करके सम्पूर्ण पवित्र शास्त्रों में से अपने में लिखी गई बातों का अर्थ समझा दिया।**

**इतने में वे उस गांव के पास आ गए जहां वे जा रहे थे। यीशु के ढंग से ऐसा लगा कि वह उस गांव से आगे जा रहे थे। परन्तु उन्होंने यीशु से दृढ़ अनुरोध किया कि ''हमारे साथ रह, क्योंकि संध्या हो चली है और दिन अब बहुत ढल गया है।'' अतः यीशु उनके साथ रहने के लिए भीतर गए।**

**जब वह उनके साथ भोजन करने बैठे तब यीशु ने रोटी ली। यीशु ने परमेश्वर को धन्यवाद दिया और उसे तोड़कर उनको देने लगे। तब शिष्यों की आंखे खुल गईं और उन्होंने यीशु को पहचान लिया, किन्तु वह उनकी आंखों से छिप गए।**

2 धन्यवाद भाई नेविल। और आप सब को शुभ संध्या।

3 यह दिन मेरे लिए एक महान दिन है। यह कई तरह से महान है। क्योंकि मुझे एक आज्ञा मिली है, आज इसको कुछ और महान बना देता है। और मैं कुछ और अधिक बड़ा हो जाता हूं। लेकिन मैं..........यह एक महान दिन है क्योंकि यह ईस्टर (पुनरुत्थान) है। और, तब, यह महान दिन है क्योंकि इस दिन मेरे लिए कुछ घटना घटित हुई थी। जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। यह एक इच्छा थी जो मेरे हृदय में थी। कि मैं......

4 सारा जीवन मैं कुछ चीजों की खोज में रहा और मैं इस संसार में आया?

5 तब मैं आज सुबह यह सोच रहा था जब मैं मूसा के विषय में बात कर रहा था। और उसके दिमाग में क्या आया होगा जब उसने जाना कि वह एक इब्रानी है। क्यों कभी परमेश्वर ने उसे फिरौन के महल में से निकलने की अनुमति दी थी। और फिर वह उस स्थान में जो कि रेगिस्तान था, जाकर पिछली ओर रहा, यह जानना चाहता था कि उसे जीवन में क्या करना है?

6 और कभी मैं देखता था कि शुरू के दिनों में जब मैं एक लड़का था तब प्रभु मुझसे कैसे बात करता था। तब मैंने देखा कि क्यों उसने वह चित्र लिए जाने की अनुमति दी। मैंने देखा कि क्यों उसने जर्मनी तथा फिनलैंड में ऐसा किया? मैंने देखा कि क्यों पिछले दिनो यह सब कुछ हुआ मैं यह विश्वास नहीं कर सका कि यह क्यों था कि

.....क्योंकि मैं एक प्रचारक नहीं था। मैं शिक्षित नहीं था। मुझमें एक प्रचारक होने की योग्यता नहीं थी। इसे कुछ अलग होना था। मेरा विश्वास है कि प्रभु के लोग एक सीमा में बंधे होते हैं। मेरा विश्वास है कि वो सीमा में बंधे होते हैं क्योंकि यह मनुष्य की प्रथा है। और आज दसों हजारो बीमारियों से रोज मर रहे हैं कि विज्ञान उसको छू नहीं सका है और वे परमेश्वर के बच्चे हैं। और मैं विश्वास करता हूं कि मैं इसे देखने के लिए जीवित नहीं होऊंगा। पर मेरा विश्वास है कि एक घंटे का समय है कि जल्दी ही जो कि परमेश्वर इस तरीके से कुछ करने जा रहा है यह प्रमाणित करने के लिए कि वह आज भी सामर्थी परमेश्वर है। मैं यह विश्वास करता हूं। मैंने यह देखा है, एक तरह से जांचा है परन्तु यह विश्वास करता है कि यह जांचना तुच्छ है कि वह क्या देखता है। अब, मैं सुबह के समय में कुछ देर के लिए आराम के लिए इसे छोड़ूंगा।

7 जिसके मैंने आज मैने उस पानी में जहां अनेको बार बपतिस्मा दिया, परन्तु आज ठंड महसूस कर रहा था मैंने कभी जीवन में महसूस नहीं किया। मैंने इतना ठंडा महसूस कर रहा था कि मैं

मुश्किल से बात कर सका। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मैं "नीचे की ओर दौड़ आया था" मैं क्रिसमस के समय से या ठीक क्रिसमस के बाद किसी रात भी छुट्‌टी पर नहीं था। मुझे बुरा जुकाम नहीं था लेकिन मैं कमजोर अनुभव कर रहा था और निचली ओर चला आया था।

8 मैं कल झील की ओर नीचे चला जाऊंगा यदि प्रभु की इच्छा हुई तो कुछ दिन आराम करुंगा। प्रभु की इच्छा हुई तो वापिस आऊंगा कुछ दिन मैं ही फिर मिलूंगा। इससे पहले कि काम से दूर जाऊंगा, यदि प्रभु ने चाहा तो अब से दस या बीस दिन के लिए ही दूर जाऊंगा।

9 तब मैं वापिस जाऊंगा न्यू इंग्लैंड स्टेट्स में कुछ महीनो के लिए वापिस आकर मई के पूरे महीने में दो या तीन दिन कुछ नहीं करुंगा।

10 तब वहां से अफ्रीका जाने तक मुश्किल से पांच दिन से अधिक नहीं होंगे। यह सब जून महीने तक के लिए है।

11 और यह अधिक मुश्किल होने जा रहा है। मैं इस छोटे से चर्च पर निर्भर रहूंगा कि वे लोग मेरे लिए प्रार्थना करें, मुझे इसकी आवश्यकता है, अधिक आवश्यकता है।

12 और आप जानते हैं कि कोई कभी नहीं जान पाएगा कि यह किस तरह की महिमा है यह क्या है? और सब कुछ लोगों को नहीं बताता हूं। यह सब बताने की आवश्यकता भी नहीं है। वे इसको समझ नहीं सकते। और ना ही मैं समझ सकता हूं। यह कुछ ऐसा है कि कुछ होता जाता है।

13 अब इसलिए लोग खड़े है और अधिक खड़ा नहीं रखूंगा मैंने लूका 24 के लेख को चुना है। यह लेख भाई नेविल ने लूका 24 अभी पढ़ा था पुनरुत्थान का है। और अब जब वह पढ़ रहे थे अनेकों चीजे थी जो उन्होंने कहीं यहां मैं उनका जिक्र करना चाहता

हूं। और वह पहली यह है सुबह पहले कौन कब्र पर गया?

14 अब यह कुछ मामला नहीं है कि वह कितना मरा और कितनी दर्दनाक मृत्यु थी कि यदि उसका पुनरुत्थान नहीं होता। वह केवल एक आदमी था जो कि मरा, देखिए।

15 हमारे इस संसार में अनेको महान लोग हैं जिन्होंने वे महान या बड़ी-बड़ी दुहाई दी।

16 उदाहरण के लिए कनफ्यूशियस एक बड़ा चीन का दार्शनिक था जो कि तेइस सौ वर्षों पहले मर गया।

17 जापान का बड़ा भगवान भविष्यद्वक्ता बुद्ध भी तेइस सौ वर्षों पहले मर गया जिसने बड़ी-बड़ी बाते कहीं, मर गया। और वे कब्र में ही रहे।

18 और मोहम्मद भी हुए है जो कि कब्र में रहे, दो हजार वर्षों तक एक सफेद घोड़ा उनकी कब्र पर रहता था एक पहरेदार चार घंटे बाद बदल दिया जाता था और यह उम्मीद की जाती थी कि वह किसी दिन उठकर उस पर सवारी करेगा और चलकर इस संसार को जीत लेगा। मुसलिम लोग जो कि मसीही तथा कैथोलिक मसीहियों से भी अधिक है यदि वे सब साथ हों तो भी वे अधिक हैं परन्तु वे सब मोहम्मद कब्र में हैं।

19 और वे सब धर्म जब हम यह कहते हैं कि "यीशु मृत्यु से जीवित हो गया है" वे कहते हैं कि इसे "प्रमाणित करो"। और हम कहते हैं कि "ठीक है यह हमारे हृदयों में है।" वे इसे कहते हैं कि उनकी स्थापना करने वाला हृदयों में है।

20 लेकिन मैं बेहद खुश हूं कि यीशु ने हमारे लिए एक मजबूत चट्टान रखी है उसके पुनरुत्थान की चट्टान। हमें यहां वहां नहीं ढूंढ़ना है। यह सच है। एक अदभुत चीज है कि अनेकों लोग है जो यह नहीं देखते है। और यह जो मैंने देखा है। और इस लेख

के द्वारा हम इस तक पहुंचने का प्रयास करेंगे।

21 अब, यदि आपने ध्यान दिया हो, यह वे थे जो कि कब्र पर गए थे बड़ी सुबह–सुबह के समय। वे दो व्यक्तियों से मिले थे जो कि अपनी चमकदार वस्त्रों में थे जिन्होंने उनसे कहा कि वह था.. ‘‘तुम उस जीवित को, उस जीवित को मृतको में ढूंढती हो?’’ वे कब्र पर गई और पाया कि वह वहां नहीं है। और उन्होंने यह याद रखने वाली बात कही, तुम ‘‘क्यों उस जिंदे को मुर्दों में ढूंढती हो? और उसने कहा, तब.....जब यह बाते उसने कहीं तब वह गलील में था।’’

22 अब यदि आपने अभी पढ़ा है लेकिन एक क्षण के लिए हम देखेंगे। उसने कहा ‘‘उसने यह चीजे तुमको बताई थी जब वह गलील में था?’’ वे क्यों इसे समझ नहीं सके। उन्होंने क्यों नहीं समझा?

23 और एक और बड़ा संकेत इस ओर है और वह यह है जिसको उसने इन चेलों को बताया था कि यह कब्र है। वे उसे साथ होंगे तब भी, जब वह गलील में था। वे जानते थे कि यीशु ने उनको अपनी सलीबी मृत्यु के बारे में कहा था। ओह! कितनी धन्य बात है। आप देखिए उन चेलों को यह मालूम नहीं था कि वे स्वर्ग दूत वहां पर थे। वे प्रमाणित करने के लिए वहां थे। क्योंकि उन्होंने कहा था, ‘‘क्या उसने नहीं कहा था जबकि वह गलील में था?’’

24 और जो पवित्रशास्त्र कहता है वह पूरा होता है कि, ‘‘जो परमेश्वर का भय मानते हैं उनके चारों ओर परमेश्वर के स्वर्गदूत छावनी किए हुए रहते हैं।’’

25 और यह क्या ही महान बात है आज रात यह बात जानने के लिए अभी इसी इमारत के अंदर परमेश्वर का दूत खड़ा हुआ है। और वे यह सब बातें जानते है जो हम कहते हैं और वे सब

चीजें जो हम करते हैं।

26 और इसका प्रमाण पवित्रशास्त्र में है। वह कहता है, ''क्या उसने यह बाते तुम्हें नहीं बताई थी जब वह गलील में था? वह कहता है, ''याद रखो उसने तुमसे यह सब कहा था। वह शब्द ''याद रखो'' यह एक अद्वितीय शब्द है।''

27 और ओह, क्या ही दुखद बात है यह जो कि खोए हुओं के लिए है, कि उन्होंने अपनी कब्रों को मोहरबंद कर दिया है और उनका आखरी उपदेश सुनने के बाद वे शैतान के नरक में खो गए हैं और कोई मौका उनके पश्चाताप का नहीं है। याद करने के लिए कि कोई अवसर होता कि वे वापिस लौट आते।

28 आप मेरे लिए कहते हैं, तब ''हे प्रचारक, क्या कोई नरक में भी याद करने वाला है? यीशु कहता है कि है। वह कहता है कि अमीर आदमी जिसने अपनी आंखे उठाकर देखा, नरक में देखा कि अब्राहम की गोद में लाजर है। ''और इसने कहा, ''याद रखो, अपने जीवन के समय.....''। वहां याद करने वाला है।

29 और किस प्रकार खोए हुए, क्या ही अचम्भे की बात होगी कि यह यह मालूम चले कि एक महासभा तय की गई है और बहुत सामर्थी उपदेश जो कि परमेश्वर के अभिषिक्तों के द्वारा दिए गए। और केवल यह ही नहीं बल्कि अभिषिक्त चिन्ह और चमत्कार खुदा के द्वारा लोगों के बीच में उतरे। और तब यह सब याद रखने के लिए चेतावनियां थी और फिर भी वे खो गए। क्यो यह इतना भयंकर हमेशा के लिए होगा।

30 यीशु की मृत्यु के बाद, बाइबल बताती है कि ''वह उन कैदी आत्माओं के पास गया और उनमें प्रचार किया'', उन्होंने एक लंबी कठिनाई भरे नूह के दिनों में भी पश्चाताप नहीं किया था। और उनकी यादगारे उस नूह तथा एनोश के लिए लाया। यह उनके समय के महान भविष्यद्वक्ता थे। वे इस बात के प्रत्यक्षदर्शी थे कि

मसीहा आया था और उन्होंने इस संदेश का तिरस्कार किया था।

31 ओह, यह एक भयंकर बात होगी, मेरे खोए हुए मित्र आपके लिए उस दिन को याद रखने के लिए आप यहां मर जाते हैं आपके काम आपका पीछा करते हैं और यह तो वह अनंतता तक आपको डराते है यह अनंतता तक आपको आशीष देते हैं।

32 परन्तु याद रखिए जो बचाए गए हैं उनके लिए क्या ही खुशी की बात है और सच को सामने लाते हैं। वो स्वर्गदूत जो आज रात इस इमारत में है उस यादगार के लिए है जो कि हमने पहले एक साथ अच्छा और बढ़िया समय बिताया है और बड़ी खुशी जो एक साथ हमारे लिए थी। और यह क्या ही समय होगा जो आने वाला होगा उन दोनों तरह के लोगों के लिए जो कि सुरक्षित है या असुरक्षित हैं।

33 प्रभु परमेश्वर एक भला परमेश्वर है। वह एक लंबे समय से परेशानियां बरदाश्त करता है। वह एक इतना अधिक सभ्य है, शांत है तथा संयमी परमेश्वर है। वह बिल्कुल नहीं चाहता कि कोई नाश हो जाए। और उसने सब कुछ कर दिया है जो कुछ भी किया जा सकता था कि मनुष्य नाश न होने पाए। परन्तु वे किसी भी प्रकार नाश होंगे क्योंकि उन्होंने विश्वास नहीं किया।

34 अब आज रात्रि हम अपने ज्ञान के लिए देखेगें कि दो आदमी है, उस पुररुत्थान के बाद। और बहुतों ने आकर बताया कि एक कब्र है जो कि खाली पड़ी है जिसके लिए कहा कि उसका शरीर वहां नहीं है। और कोई स्त्री कहती है, कि उसने स्वर्गदूत का दर्शन पाया है जिसने इसको बताया है कि ‘‘वह मृतकों में से जी उठा है।’’ और तब इस संदेश के साथ इन लोगों ने विश्वास नहीं किया। और घर वापिस जाने के लिए उनके उत्साह को बढ़ाया न गया।

35 और पहले ईस्टर के विषय में सोंचे, पहली सुन्दर शिशिर ऋतु की ईस्टर की सुबह, यीशु जीवित होकर लोगों के बीच में है

और यह हुआ, हतोउत्साहित किए गए, राह पर जाते हुए उनके हृदय दुखी थे, वे उस सलीबी मृत्यु से दुखी थे। और जब वह जा रहे थे, हम देखते हैं कि वहां कोई है जो कि राह में था और जिसने उनके साथ चलना शुरू कर दिया और उनको पता नहीं चला कि वह कौन था क्योंकि पवित्रशास्त्र बताता है कि उनकी आंखे बंद कर दी गई थी।

36 ओह यह वह है जो मैं चाहता हूं कि आप देखें। यह केवल वह नहीं है जो घटित हुआ बल्कि यह भविष्यवाणी थी, किसी चीज की परछाई थी जो कुछ घटने जा रहा था।

37 आप जानते है हमारे धन्य परमेश्वर ने ऐसा होने के लिए कुछ नहीं किया था। जो कुछ भी उसने किया उसका एक अर्थ था जो कुछ भी उसने किया वह अनंत था, वह कभी समाप्त नहीं हुआ, प्रत्येक घटना प्रत्येक कार्य प्रत्येक शब्द। ओह! उस बात के लिए मैं बेहद खुश हूं। उस पर आप कीले ठोंक सकते हैं लेकिन जो कुछ भी आशा में है और वह अस्तित्व में आएगा।

38 और जैसे वह उस सड़क पर जा रहे थे एक अजनबी मिला। और वे, उसने उनसे कहा, आप लोग इतने उदास क्यों हैं? उनको तो खुश होना चाहिए। उसने कहा, ''आप इतने दुखी क्यों हैं? और यह क्या बातें हैं जो आप आपस में कर रहे हैं? और उसने कहा.......

39 उन्होंने वापिस पलटकर 'उससे' कहा ''क्या तुम एक अजनबी हो इस यरुशलेम में? क्या तुम यह नहीं जानते कि क्या कुछ घटित हुआ है? हमारा एक भविष्यद्वक्ता था जिसका नाम यीशु नासरी था। और उसमें हमारी आशा थी, कि वह हमारे पापो से छुटकारा देगा। लेकिन आज तीसरा दिन है कि हमारे लोगों ने उसको सलीब पर चढ़ा दिया।

40 और उन्होंने उसको कहानी सुनाई कि क्या कुछ हो चुका

है? कैसे वह मारा गया? कैसे वो उसको अपना एक छुटकारा देने वाला मान रहे थे लेकिन कैसे वह परमेश्वर का भविष्यद्वक्ता वहां उस दयनीय स्थिति में खड़ा रहा था कि लोगों ने उस पर थूका और एक सैनिक ने उसके सिर पर एक कांटो का ताज रखा उसकी आंखो पर पट्टी बांधी उसके सिर पर लकड़ी से मारा और कहा, अब भविष्यवाणी कर, हे भविष्यद्वक्ता कि तुझे किसने मारा है? आप यह विश्वास करते हैं।'' वह सब कुछ उससे अधिक था जितना लोग विश्वास कर पाते उससे कहीं अधिक। वे सोचते रहे थे कि मसीही उससे कहीं अधिक होगा और अलग प्रकार का होगा जितना कि वे जानते थे।

41 और आज क्या यह सही सच्ची तस्वीर नहीं है। लोग चाह रहे है कि परमेश्वर का राज्य कुछ अलग प्रकार का हो कि जो कुछ भी है उससे अलग प्रकार का। वे चाह रहे है कि वह एक वैभव के साथ आए। वह अपेक्षा कर रहे हैं कि वह वैटिकन सिटी या किसी बड़े आराधनालय में जीवित हो उठे। परन्तु क्योंकि यह गरीबो, अनपढ़ो, दीन तथा नम्र लोगों के बीच में आना चाहता है वह बुद्धिमानों तथा अक्लमंदो की आंखों को बंद कर देता है।

42 ओह क्या ही अजीब सी घटना है कि वह स्त्री उस तरह से अपने बालों से उसके पैरों को साफ कर रही थी जिस प्रकार एक सच्चा विश्वासी ऐसा करता है क्या ही अद्भूत घटना है कि उसको क्रूस पर लटके देखें। कि उसके हाथ कीलों से गाड़े गए हो और महायाजकों को यह कहते सुनें कि ''अब यदि तू खुदा का बेटा है तो एक आश्चर्यकर्म करके दिखा। अपने हाथों की पकड़ को ढीला करके दिखा और सलीब से उतर आ और तब हम तेरा विश्वास करेंगे।''

43 अब, एक प्राकृतिक मनुष्य के मस्तिष्क में; एक सैनिक आदमी, एक आम आदमी या अविश्वास या ढोंगी। क्योंकि कोई भी कलीसिया के अंदर तीन स्तर के लोग होते है और वे सच्चे विश्वास

या ढोंगी या अविश्वासी होते हैं। प्रत्येक कलीसिया में ऐसे लोग होते हैं।

44 और सोच सकते है कि यह व्यक्ति, जिसने अंधो को आंखे दी बंद कानों को खोला और मुर्दों को जिंदा किया जो कि तीन दिन से मरा हुआ था और ऐसा हुआ जैसा उसने कहा था, कि उसे लटकाया जाएगा उसके मुंह पर थूका जाएगा, और महायाजकों द्वारा दोष लगाया जाएगा। और उसने यह चीजें बताई उसने कभी अपना मुंह नहीं खोला, और विवादो के लिए नहीं कहा। क्योंकि उसने कहा था ''मैं जो कुछ करता हूं परमेश्वर को खुश करने के लिए करता हूं।'' और यह प्रभु को खुश कर रहा था कि ऐसा हो।

45 और अब हम उसे कुछ क्षणों के लिए देखते हैं। अब यह चेले समझ नहीं सके कि यह क्यों होना है। तो इसलिए वे उसके साथ गए और उसको कहानी बताई यीशु ने उनको रोका। आपने देखा वह उन पर प्रकट हुआ जो कि इसकी बातें कर रहे थे।

46 और यह एक कारण वह चर्च के अनेकों लोगो के सामने नहीं आता है आज वे 'उसके' विषय में अधिक बाते नहीं करते। चर्च केवल कुछ बड़ी बात जो कि हुई है उसी के विषय में सदैव बात करता है और आगे भी करता रहेगा। किसी सामाजिक पार्टी या पिकनिक के विषय में या जो भी कुछ वह करने जा रहे हैं, उनकी सामाजिक संगठन यह करते हैं। चर्च में इन संगठनों का अत्यंत दबाव है कि कोई कमरा मसीह यीशु के लिए खाली नहीं है।

47 उनके लिए जो उसको जानते है और उसे प्रेम करते हैं और प्रार्थना सभाओं की ओर मुड़ते है ऐसी संगठनों के लिए वास्तव में चर्च हमेशा किसी नेतृत्व के बिना ही रहा है।

48 और वो यहां था। वे 'उसके' विषय में बात करते थे जब वह प्रकट हुआ था।

49 यदि हम अपने पड़ोसियों के विषय में बात करना छोड़ देते

हैं और चर्च के उच्च पदाधिकारियों के विषय में करते हैं। प्रचारक की गलतियो के विषय में बात करते हैं या किसी और की गलतियों की बातें करते हैं और केवल यीशु के विषय में बाते करते हैं तो कुछ चीजे है जो घटित होंगी।

अब वह क्या बात कर रहे थे वह प्रकट हो जाता है।

50 और तब ध्यान दीजिए कि जब वह प्रकट होता है तो वह आपकी तरफदारी नहीं करता। ''ओह, यह ठीक है यह ही ठीक बाहर आना चाहिए। और इसमें नया पास्टर होना चाहिए या पड़ोसी ने आपके प्रति ठीक नहीं किया।

51 देखिए, जैसे ही वह प्रकट होता है वह इस वचन का प्रचार करना शुरू करता है। एक सच्चा प्रचारक हमेशा ही उसका वचन प्रचार करेगा। वह कहता है ''कितना मूर्खतापूर्ण है और हृदयों में विश्वास करने के लिए यह कितना धीमा है सब भविष्यद्वक्ताओं ने यीशु के विषय में कहा है।'' देखिए किस प्रकार यह 'यह' अंदर आता है? क्या आप इतना धीमा और मूर्खतापूर्ण है कि आप विश्वास नहीं करते कि भविष्यद्वक्ता क्या कहता है?

52 क्या आज रात यदि वह प्रकट होता है? मैं यह पूछना चाहता हूं कि। आज रात वह ब्राहंम के गिरजाघर में वह क्या करेगा? क्या आप अपने हृदयों में आलसी हैं?

53 आज रात्रि जैफरसनविले में वह क्या करेगा? पच्चीस वर्षों में कहां सुसमाचार प्रचार किया गया। चिन्ह चमत्कार और अविश्वास की चीजें कहां हैं? वो चीजें जो यीशु के इस धरती पर से जाने के बाद कभी नहीं हुई, रोज होने लगी हैं। बीमार चंगे हुए हैं चिन्ह और चमत्कार हुए हैं। महान भविष्यवाणियां हुई हैं जो कि असफल नहीं हुई हैं। सुसमाचार बिना किसी समझोते के प्रचार किया गया और अब तक मदिरालय और भारी भरकम आवाजों में बड़बड़ाहटे जैफरसनविले में आज रात हैं। ओह हम परमेश्वर के गुस्से से बच

सकते हैं?

54 मैंने अनेकों बार कहा है और आज रात्रि मैं इसे कहता हूं। यदि प्रभु हमें किसी सजा के बगैर ही जाने देता है तो वह एक अन्यायी परमेश्वर है। उसे सादोम और अमोरा को फिर से उठाना होगा और उससे उसको डुबा देने के लिए क्षमा मांगनी पड़ेगी वहीं चीज है जो कि हम रोज कर रहे हैं और वह बदत्तर होती जा रही है। यद्यपि वे कुछ मूर्तिपूजक लोगों का एक झुंड थे लेकिन वो एक मसीही राष्ट होने चाहिए थे।

55 और जैसे ही उसने उनसे बातें की और वचन समझाना शुरू किया और वह केवल उनको थपथपा नहीं रहा था, और कोई छोटी विधि नहीं बता रहा था बल्कि 'वह' उनको डांट रहा था और उनसे कहा "तुम मूर्ख और विश्वास करने में मंदमतियो हो। जो भविष्यद्वक्ता ने कहा, तुमने उस पर संदेह क्यों किया? देखिए वह कहा जाता है? सीधी तौर पर वचन को देखें।

56 और उन्होंने देखना और सुनना शुरू किया। वह कहता है, "क्या यीशु को तीसरे दिन जीवित नहीं हो जाना चाहिए था और महिमा में चले जाना चाहिए था?" और जैसे वह उनके साथ पूरे दिन चला और बाते की और वह उनको पहचानते नहीं थे क्योंकि उनकी आंखो को बंद कर दिया गया था। वो उसको देख नहीं सके या समझ नहीं सके।

57 अब वह यहां है कहां है मैं चाहता हूं कि आप इसे देखें वह पहला वचन जो उसके पुनरुत्थान के बाद प्रचारा गया था उसे देखें। और जैसे वह पूरे दिन उनके साथ चला था, वह उसको पहचान नहीं पाए थे। जबकि वह उनके साथ था लेकिन उसने खुद ही उनकी आंखों को बंद किया था। लेकिन जब शाम होने लगी और यीशु उनके पास से जाने लगा।

58 यदि वह इन अंतिम दिनों में ठीक वैसे ही दुबारा नहीं करता

जबकि अभी सूरज छिप रहा है। क्या आपने ध्यान दिया कि उसने चर्च को इस दिन क्या दिया है वचन को प्रचार किए जाने में उसने कभी एक चिन्ह या चमत्कार नहीं किया। उसने कभी कुछ नहीं कहा बल्कि केवल पुनरुत्थान के विषय में वचन ही प्रचार किया है जिसे भविष्यद्वक्ता ने कहा। वह क्या है जो कि उसने किया कि जब वह इस आखरी दिन दूर जा रहा था। लेकिन अब ओह उसका नाम धन्य हो शाम का सूरज छिप रहा है और ऐसा लगता है कि वह नहीं रुकेगा।

59 ओह मैं फैनी क्रॉसबे के विषय में याद करता हूं कि जब वो रोई थी कि हे प्यारे उद्धारकर्ता मेरे पास से मत जाइए।''

60 और वे चेले बोले, ''आ और हमारे साथ रह जबकि रात होने लगी है और अब बहुत देर हो गई है।'' और वह उसके साथ जा रहा है लेकिन उन्होंने उसको जाने न दिया। दूसरे शब्दों में उन्होंने उससे विनती की। ओह, क्या हो कि हमारे पास कुछ लोग होते जो इस प्रकार से विनती करते।

61 भाइयों और बहिनों क्या आप जानते हैं कि बाइबल पवित्रात्मा के विषय में क्या कहती है पवित्रात्मा रोता है और कराहता है इस शहर के लिए जो कि कितना बुरा है? अब मैं आपसे इस विषय में एक प्रश्न पूछता हूं। हम अपने धार्मिक विचारो के विषय में इतने भावुक हो जाते हैं लेकिन आज की रात जैफरसनविले में यह कौन है जो कि इतना अधिक फिक्रमंद है इस खोए हुए संसार के अंदर इन आखरी आधे घंटे को बिताने के लिए कि एक रात शहर के पापों के लिए प्रार्थना की जाए। लेकिन पवित्रशास्त्र के अनुसार केवल परमेश्वर का दूत ही है जो कि रो और चिल्ला सकता है यह बरबाद न हो।

62 हम और अधिक रुचि नहीं रखते हैं। हम केवल इतना जानना चाहते हैं कि हम कुछ अच्छा समय बिता सकें। हम जानना चाहते

है कि क्या एक छोटी संस्था हमारे चर्च में हो सकती है। हम जानना चाहते है कि हम अगले पास्टर को चुनने के लिए कब मतदान कर सकते हैं। हम अपने चर्च को दूसरे चर्च से अधिक अच्छा बना सकते हैं। यह एक विचार है इस संसार में कि जो आज है। कोई भी विनती नहीं कर रहा है ''हे प्रभु परमेश्वर जल्दी मेरे पास आएं नहीं तो मैं बरबाद हो जाऊंगा। मेरे उद्धारकर्ता मेरे पास से न जाइए। ''हे प्रभु आप सब कुछ कर सकते है। आप वो है जो सब जगह उपस्थित है आकर मेरे हृदय में रहिए।'' यह बहुत मुश्किल है कि एक स्त्री या पुरुष हाथ उठाकर प्रभु यीशु को अपना उद्धारकर्ता ग्रहण करे। पुराने कैशन की शांत चौकियां जिन पर बैठकर प्रार्थना की जाती थी अब वहां नहीं है। वहां अब कोई नहीं रोता वहां कोई अब वेदी पर जाकर नहीं रोता

63 जरा सोचिए जब चार्ल्स जी.फिने एक सुसमाचार प्रचारक थे एक छोटे से वकील थे जो कि परिवर्तित हुए छोटे से लगने वाले कुछ मुर्झाए से लगने वाले साथी, जो कि किसी इमारत में कुछ आवाजों का परीक्षण कर रहे थे। और उन्होंने कहा कि ''प्रायश्चित करो या बरबाद हो जाओ'' एक आदमी जो कि बैठा था बेहोश हो गया था और गिर गया था। वह एक इमारत के छज्जे पर खड़ा हुआ यह न्यू इंग्लैंड की बात है और उसने नरक का प्रचार किया उन खोए हुए लोगों के लिए। और जब वह जोर से चिल्लाया कि ''तुम सब बरबाद हो जाओगे यदि पश्चाताप नहीं करोगे तो'' लोग आदमी तथा स्त्रियां सड़क पर बेहोश हो गए।

64 लेकिन आज आप पश्चाताप और नर्क की आग पर विचार कर रहे हैं और लोग इस पर हंसेगे। यह क्या बात है? हमारे हृदय ठंडे हो चुके है। हम उनसे भिन्न हैं। यह बहुत अधिक हो चुका है। हमें संसारिकता कम तथा प्रभु की अधिक आवश्यकता है। हमारे हृदय अधिक ठंडे हो चुके हैं। हम किन्ही भावनाओं में अधिक इच्छुक हो गए हैं। हम इच्छुक हो चुके हैं, कि हम नाच सके,

चिल्ला सकें।'' मैं इसमे विश्वास करता हूं कि यदि मैं भाषाएं बोल सकूं।'' मैं इसका विश्वास करता हूं। मैं इस में हर बात का विश्वास करता हूं।

लेकिन यदि हमारे पास यह है तो अधिक चिंता की बात नहीं है रोना आत्मा को तोड़ मरोड़ने में परमेश्वर को इसकी आवश्यकता नहीं है। उनके लिए चीजें अच्छी हो सकती है लेकिन हमारे पास कुछ और होना चाहिए। हमने खास चीज को छोड़ दिया है और अन्य चीजे जो द्वितीय स्थान पर आती है उनको ले लिया है। आप कभी सबसे अधिक महत्वपूर्ण या बिल्कुल ही नहीं हो सकते हम इसे जानते हैं।

65 यहां तक की अपनी सभाओं में, अपनी सभाओं के अंदर बहुत अधिक अलौकिक चंगाईयां हुई बजाए इसके कि आत्मिक चंगाईयां होती। भाई आज हमे क्या चाहिए, तोड़े जाने का पुर्नजागरण, आत्माओं को जलाने की आवश्यकता है, परमेश्वर के लिए मेरा अर्थ ''आग पर'' से क्या है, यह कि वेदी के नीचे आंसू जो गालो पर से नीचे बहे। केवल पांच मिनट के लिए नहीं, उठकर गए और भूल गए। लेकिन प्रयत्न से आगे जाकर यीशु मसीह में फिर से वापिस जीत लेने के लिए इन के हृदयो में बोझ हो।

66 प्रभु संसार का सारा वैभव ले ले और इसकी वो सभी खुशियां जो क्षणिक है और मेरे हृदय में खोए हुओ के लिए उस बोझ को डाल दे, मेरी यह प्रार्थना है।

67 उन्होंने उसकी चिंता करते हुए उससे कहा ''ओह प्रभु हम जानते नहीं आप कौन है, लेकिन श्रीमान हमे आपका प्रचार अच्छा लगा। अंदर आकर आज की रात हमारे साथ रुक जाइए'' और यीशु अंदर चले गऐ। उनके साथ चलते रहे और वे बिल्कुल भी जान नहीं पाए। और तब वह एक बार अंदर गए.....हो सकता है वह एक छोटी झोपड़ी हो लेकिन उसके लिए अधिक दिन नहीं हो सकती।

68 आप कहते है, ''ठीक है भाईब्रन्हम मैं एक बूढ़ा व्यक्ति हूं'' मैं चिंता नहीं करता आप कितने भी बूढ़े हो। मैं अभी एक बालक ही हूं। यह फिक्र की बात नहीं कि आप कितने भी जवान हो। मैं अत्यंत गरीब हूं। मैं आप की सब बात समझ गया'' ओह यदि आपके पास घास का गोला है जो आप चारो ओर अपने को ढक ले, परमेश्वर को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उससे पूछिए आप परमेश्वर की दृष्टि में कहीं बढ कर है। आप परमेश्वर की दृष्टि में अधिक नहीं हो सकते पर आप परमेश्वर की दृष्टि में बढ़कर है आप उसके लिए एक विषय है। ''अंदर आकर हमारे साथ रहिए।''

69 ''ओह, मैं उससे कह नहीं सका कि मेरे अंदर आइए। मैं एक शराबी रहा हूं। मैं एक जुआरी रहा हूं'' मैं इस बात की परवाह नहीं करता हूं कि आप क्या है। उससे पूछिए और ढूंढ़िए। वह आप के निमंत्रण पर आ जाएगा। वह कभी किसी को झुकाता नहीं और वह कभी किसी को नीचे नहीं गिराएगा। वह लंबे समय से कोशिश कर रहा है कि हृदय के अंदर आ जाए। आप कहिए कि मैं सड़क की वेश्या रही हूं।'' मैं यह परवाह नहीं करता कि आप कुछ भी रहे हों। परमेश्वर यह कोशिश कर रहा है कि वह आपके हृदय में अपने तरीके से काम करें।

केवल इतना कहिए ''प्रभु अंदर आकर मेरे साथ रहिए।''

70 और ध्यान दीजिए कि पूरा दिन भर वह वचन को लेकर आता है लेकिन कोई चिन्ह नहीं है। जब वह उसको अंदर लेकर आता है और दरवाजे को बंद कर देता है और बैठ जाता है ओह भाई यह तब उन पर अपने पुनरुत्थान को जाहिर करता है। कोई समय नहीं सुबह से जब वह इसको मिले और जब तक शाम का सूरज छिप नहीं गया उसने ऐसा किया। वह एक चीज है जीवन में जो कि वह कभी नहीं करता वह है केवल शब्द। लेकिन ध्यान दें कि शाम के समय शाम के समय जब वह अपने पुनरुत्थान को प्रमाणित करता है।

71 मुझे कहने दें यह कि शर्मिंदगी के साथ मुझे यह टूटी आवाज में कहने दें बल्कि एक टूटे हृदय के साथ भी। यह शाम का समय है बाइबल यह कहती है ''यह एक रोशनी है शाम के समय में। एक दिन ऐसा होगा कि जब दिन या रात नहीं होगा।'' भविष्यद्वक्ता ने कहा, ''यह केवल वचन का सुनना है कोई सच्चाई पर उतर कर आना नहीं है केवल एक धुंधलाया और कोहरे से छिपा दिन है। लेकिन शाम के समय में फिर से उजाला होगा। फिर से उजाला होगा। और शाम के समय में हम रह रहे है जहां मसीह हमारे मंत्रियों ने प्रचार किया है यह सुसमाचार दो हजार वर्षों के लगभग है, लेकिन यह शाम के समय का उजाला है। पुनरुत्थान का शाम के समय का उजाला देहधारी हुआ था।

72 कब? वे नहीं जान पाए कि वह मृतको में से जी उठा। यद्यपि उन्हें वे प्यार करते थे, उन्होंने 'उसका' विश्वास किया लेकिन वे यह नहीं जानते थे कि वे मृतको में से जीवित हो उठे हैं। वे उनसे उसके विरुद्ध तर्क कर रहे थे। और यहां अब शाम के समय में वह स्वयं को उजागर करने जा रहा है कि वह मृतको में से जी उठा है। वह यह कैसे यह करता है? वचन को प्रचार करने के द्वारा नहीं, वह पहले से ही ऐसा कर चुका है और तब भी उन्होंने इसका विश्वास नहीं किया।

73 और दो हजार वर्षों तक वचन का प्रचार किए जा रहा था और कलीसिया ने विश्वास नहीं किया। लेकिन शाम का समय आ चुका है पुनरुत्थान देहधारी हो गया है।

74 और वह उनको अंदर ले गया और उसने एक आश्चर्यकर्म किया था उसने अपनी सलीबी मृत्यु के पहले ऐसा किया था। वे जान पाए कि यह वह है उनकी आंखे खोली गई।

75 और वह तुरंत अन्तर्ध्यान हो गया। ध्यान दीजिए कि यह एक छोटा सा संदेश है। यह अधिक लंबा नहीं था। वह अधिक समय

उनके साथ नहीं रहा था। वह उस समय अपने को दिखा रहा था और तुरंत ही उनकी आंखो से छिप गया। और उनकी आंखे खुल गई और वे जाने कि यह 'वह' था।

76 और उन्होंने कहा, ''क्या हमारे हृदयों के अंदर ज्वाला नहीं जली थी जब वह रास्ते में हमारे साथ बाते कर रहा था।''

77 और ओह भाई तथा बहिनों, हमारे हृदय कितने ज्वलित हुए है इतने वर्षों के अंदर? मैं सत्ताइस वर्षों से एक मसीही रहा हूं नहीं उनतीस वर्षों से, मैं सत्ताइस वर्षों से एक प्रचारक रहा हूं और पूरे समय से उसका वचन पढ़ता रहा हूं। और जब वह मुझसे बात करता है वह अदभूत हैं मेरा हृदय प्रकाशित हो जाता है जब मैं इसका वचन सुनता हूं।

78 लेकिन अब शाम का उजाला आ चुका है। सूरज छिपने वाला है। सभ्यता जा चुकी है। संसार अंत तक आ चुका है। अब वह सामने आ चुका है और हमारी मध्यस्थता के लिए कुछ कर रहा है, हमारे ऊपर स्वयं को मसीह यीशु के पुनरुत्थान के रूप में भेद को खोल रहा है। हमारी आंखे खोली जा रही हैं हम यह देख सकते हैं। वह हमेशा के लिए जीवित हो चुका है। इस व्यंजन को तैयार किए जाने का सबूत यह है कि यह खा लिया जाए। और पुनरुत्थान का सबूत यह है। यदि यीशु वायदा करता है और बाइबल कहती है कि ''वह सदा आज कल हमेशा एक सा है।'' और वह इसका सबूत नहीं देता तो पवित्रशास्त्र गलत है। पिछली अनेको वर्षों से हमारे पास यह पवित्रशास्त्र की शिक्षा रही है। लेकिन अब यह समय है कि यह देहधारी हो पुनरुत्थान का देहधारी होना।

79 अब उन्होंने क्या किया, जब उनकी आंखे खोली गई। वे कहते हैं ''क्या हमारे हृदयों के अंदर कुछ ज्वलंत नहीं हुआ? और वे तेजी से पीछे की ओर गए उन लोगों से मिलने के लिए और वे वापिस नहीं गए। वह सड़क पर जा रहे थे और कहते जा रहे थे

"ठीक है, यह कुछ अन्य रहा होगा।" लेकिन वे सब सकारात्मक ही थे। और वे अपने साथियों की ओर दौड़ पड़े और उन्होंने कहा, "क्या सचमुच" क्या प्रभु जीवित हो उठे हैं? वास्तव में हम जानते हैं कि वह जीवित हो उठे है" वे अपने धर्म के विषय में कोई तर्क नहीं कर रहे हैं। वे केवल इसलिए गए क्योंकि उनकी आंखे खोली गई थी। उन्होंने उसके अंदर अपना पुनरुत्थान देख लिया था।

80 और मेरे मित्रो इससे अधिक क्या खूबसूरत बात इस रात में होगी? इस ईस्टर के दिन आज रात इससे अधिक महिमामय बात होगी? क्या वही यीशु जो मृतको में से जी उठा, इस आराधनालय में जो कि एक पुराना दिन, छोटा सा है इसमें आ जाता है। वह हमारे लिए आज से बीस वर्ष पहले तीन हजार डालरों से भी अधिक की कीमत का है। यह कैसा होगा इस छोटे से दिन स्थान में आज रात्रि उसको यहां देखना और सलीबी मृत्यु से पहले चीजो को करना और पुनरुत्थान को साबित करना?

81 उसने यह आखिर के दिनो में पहले कभी नहीं किया। अब वह इसे कर रहा है क्योंकि उसने यह वायदा किया है कि वह यह करेगा। यह शाम का समय है। रोशनियां जगमगा रही हैं। खुदा अपने बच्चों की आंखों को खोल रहा है। वे हल्के हृदयो के साथ लौटकर आ रहे हैं। "ओह वह वास्तव में जीवित हो उठा है।"

82 अब लोग यहां इस इमारत में आज रात है, वह शायद वर्जीनिया से या देश के दूसरे हिस्सों से है। और और कोई बात नहीं कि आप कहीं से भी आए हो, आप अपने हल्के हृदयों के साथ वापिस जा सकते हैं इस ईस्टर के दिन आज यदि यीशु आप पर प्रकट हो जैसा वह उनके साथ करता था।

83 हो सकता है आप उसके साथ लंबे समय तक चले हों। हो सकता है कि आप वर्षों तक मसीही रहे हो लेकिन हो सकता है कि आपने उसकी पुनरुत्थान के देहधारी होने की सामर्थ को कभी

नहीं देखा हो। ओह, यदि आज रात वह इसको करेगा तो क्या आप उस परमेश्वर को जो जीवित हो उठा है स्वीकार करेंगे?

84 इस विषय में सोचें जब हम अपने सिरों को एक क्षण के लिए प्रार्थना में झुकाएं। कितने लोग है जो कि यह चाहते है कि उन्हें प्रार्थना में याद रखा जाए? अपने हाथों को परमेश्वर की ओर उठाएं। प्रभु आप को आशीष दे।

85 अब प्रभु परमेश्वर लोग खड़े है उनके अंग कंपकंपा रहे है और ऐंठ रहे हैं लेकिन ओह वे आपको प्यार करते हैं। वे वापिस आए हैं इस पुनरुत्थान के दिन। वे आए हैं हो सकता है कि वे उस खाली कब्र से आए हों कहीं से जहां कहीं खाली सा सुसमाचार प्रचारा गया हो, और कहा हो, ''ठीक है चमत्कार के दिन बीत चुके हैं'' वह यह खाली कब्र है जो उन्हे मिली है क्योंकि वो तो वहां पर नहीं है वह वहां पर से, मृतकों में से जीवित हो उठा है।

86 लेकिन क्लियोपास और उसका मित्र ने अनेको यात्राएं उनके साथ की थीं उस सड़क के विषय में आज रात्रि जो हमने विचार किया था। लेकिन ओह प्रभु यीशु इस संध्या के परमेश्वर में प्रार्थना करता हूं कि आप देहधारी होंगे। आपका पुनरुत्थान इस कलीसिया के लिए आज रात होगा। उनको जो यहां खड़े है इसका सबूत दीजिए कि आप दीनता में हैं। वह है, यदि....कोई बात नहीं है वह कितना ही दीन है। आप वहां आ जाते है जहां कहीं भी आपका स्वागत किया जाता है। जहां कहीं भी आपको पुकारा जाता है।

87 और प्रभु वहां अनेको लोग है जो कि बहुत जरुरतमंद है। बहुत लोग बीमार है और रोगी है। बहुत लोग आपके बगैर हैं यीशु के बिना है खुदा के बगैर है उनको सहायता की आवश्यकता है। मैं प्रार्थना करता हूं पिता कि आप स्वयं देहधारी होंगे एक बार फिर से आज रात इस छोटे से आराधनालय के अंदर।

88 ओह! प्रभु परमेश्वर यह आपके सेवकों के लिए बहुत अच्छा होगा। अनेकों वर्ष पहले आज इस छोटे से पुराने लगने वाले लकड़ी के कक्ष थे, मेरी मां जब युवा थी उधर पीछे की ओर थी जब वह लगभग पंद्रह वर्ष की थी एक सुबह मैंने अपनी छोटी आवाज में रोया था उस खिड़की को खोला था। ओह प्रभु मैं उस बात के लिए प्रति वर्ष के लिए आपका धन्यवाद करता हूं मैं अनेकों बातों के लिए शर्मिदा हूं जो मुझसे हुई हैं। मैं प्रार्थनाएं करता हूं कि मुझे क्षमा कर दें। मैं क्षमा चाहता हूं कि मैंने आपकी सेवा नहीं की जब मैं छोटा लड़का ही था। मेरी सहायता कीजिए प्रभु।

89 ओ प्रभु! यदि मुझे आपकी दृष्टि से दया मिली है इस नाशवान देह को सामर्थ दीजिए। मेरी शक्ति को नया कीजिए जैसे आप उन उकाब को देते है और मेरे सिर को ऊंचा करते हैं प्रभु और मेरे हृदय को नम्र कर दें कि मैं चल सकूं और लोगों को आपके प्रेम को देहधारी होने के विषय में बता सकूं। मेरे लिए और अधिक गहरा प्रेम और अधिक ध्यान रखें जीवन से भरपूर कि मैं आपकी सेवा कर सकूं।

90 प्रभु, अपनी सामर्थ को आज रात्रि देहधारी होने दें लोगों के बीच में बीमारों और रोगियों को चंगाई देने के द्वारा अपने पुनरुत्थान की गवाही दें। और मैं आपके नाम को महिमा देता हूं। प्रभु यीशु मसीह के नाम से इस प्रार्थना को मांगते हैं। आमीन

91 मैं यह पसंद करता हूं बहन गर्टी। कितने लोग जानते हैं, ‘‘पवित्र, पवित्र पवित्र वह प्रभु परमेश्वर सामर्थी (कलीसिया कहती है ‘आमीन’ सम्पादक) आइये इस गीत को गाएं एक बार एक साथ गाएं । मैं इसे पसंद करता हूं अब कितने है जो इसे पसंद करते हैं इस तरह के पुराने जमाने के गीतो को? (आमीन) आप पुराने सारे गीतों को जो चिथड़े हो गए है ले सकते हैं, एलविस प्रसेले, बूगी–वूगी, ‘मसीहत के नाम में’ आप ले सकते हैं। मुझे वे दिल को झंझोड़ देने वाले पुराने जमाने के गीत दे दें वे सुसमाचार के

पुराने गाने, जी हां श्रीमान।

पवित्र पवित्र पवित्र, प्रभु परमेश्वर

धरती और आकाश उससे भरा हुआ है

धरती आकाश उसकी प्रशंसा करता है

ओ प्रभु जो बहुत ऊंचे पर है

92 क्या वह आपके लिए कुछ नहीं करता? केवल अब आराधना कीजिए। एक साथ हम इसको एक साथ गाएंगे। केवल आराधना कीजिए आप स्वयं को हर ओर से समाप्त करके केवल आराधरना कीजिए। हम गाते हैं:

पवित्र, पवित्र पवित्र, प्रभु परमेश्वर

धरती और आकाश उससे भरा हुआ है

धरती आकाश उसकी प्रशंसा करता है

ओ प्रभु जो बहुत ऊंचे पर है।

93 अति सर्वोच्च प्रभु परमेश्वर जो सूर्य को अपनी जगह में चलाता है। सितारों और चांद को आप चलाते हैं। आप धरती को अपनी हथेली से नापते है और सितारों को चलाते हैं। आप परमेश्वर है। आप यीशु आप मृतकों में से जी उठे आप उन्नीस सौ वर्ष पहले जी उठे। आपने दिखाया कि आप जीवित है और वह धन्य निश्चय देते हैं जिसकी हम प्रतीक्षा कर रहे थे और आप आकर दाऊद के उस सिंहासन पर आए और बैठे और धरती को शांति और धार्मिकता से चलाएं। हम देखते हैं कि युद्ध न हों और भूख और दुख न हारे। तकलीफें न हो कोई मृत्यु न हो। पहले जो घटित हो गया है वह बीत गया और प्रभु यह नजदीक हमारे हाथ में हैं

94 अपने बालको के हृदयों को मजबूत कीजिए। आज रात्रि हमारे हृदयों में इच्छा को डालिए। हमारे लिए नहीं प्रभु इसके जी उठने

की गवाही हमारे पास होनी चाहिए। हम दीनता से अपने हृदय में और अपनी सहायता के लिए आपसे अपनी सहायता के लिए प्रार्थना करते हैं और एक साथ हम देखते है कि परमेश्वर जीवित हो गया है।

95 प्रभु हमारे बीच में आइए, इस कलीसिया को शुद्ध कीजिए। मैं आपकी दया के लिए पुकारता हूं। हमें न्याय की दृष्टि से न लें। हम न्याय के लिए नहीं पुकारते। हम दया के लिए पुकारते हैं। हम पर दया कीजिए। ओर आनंतर पिता अपने प्रेम से देहधारी कीजिए और अपनी उपस्थिति को हमारे साथ दिखाइए यह हम यीशु के नाम से मांगते हैं। आमीन।

96 ओह मैं अधिक आराधना करना महसूस करता हूं। मेरा हृदय इस निश्चितता से भरा हुआ है कि यीशु मृतको में से जी उठा है।

97 यह सैंटा क्लाज की कहानी नहीं है। मैं कहता हूं कि हमारे बच्चों के सामने यह गलत है। मैं यह नहीं मानता हूं। लेकिन मैं इसमें विश्वास करता हूं कि अपने बच्चों को सच बताएं। देखिए?

98 मैं सच जानना चाहता हूं। उन्होंने मुझे यीशु के बारे में बताया। यदि वो मृतकों में से जी नहीं उठा है तो यह एक कहानी ही है। यदि वो आज कल और सर्वदा एक सा नहीं है तो यह एक कहानी ही है। तब वह मर सकता है यदि वह स्वयं को जीवित उठा हुआ प्रभु है, ऐसा प्रमाणित नहीं करता है।

99 लेकिन मैं बहुत खुश हूं यह जानकर कि वह मृतकों में से जी उठा है अैर अब जीवित है। वह यहां है और यह पवित्र मिट्‌टी, जैसे मैंने आज सुबह कहा था कोई इसको आपके हृदय से हिला भी नहीं सकता है। काश प्रभु आज आपकी आंखे खोले और वह पवित्र स्वयं को देहधारी हो चुका है दिखाए कि उसका पुत्र मृतकों में से जीवित हो उठा है।

100 अब, मैं पूछता हूं बिली प्रार्थना करवाने के लिए कितने

लोग थे? वह नहीं जानते। पूरी इमारत में यहां कितने बीमार लोग हैं जो प्रार्थना करवाना चाहते हैं। सब तरफ यहां इमारत में वह यह चाहते हैं। यह अत्यधिक होगा। यह सुनने वालों का तिहाई भाग है। यह बहुत अधिक होगा कि एक प्रार्थना पंक्ति बनाई जाए। हम ऐसा नहीं कर सकते। मैंने उनसे कार्ड देने के लिए कहा था और हम कोशिश कर रहे हैं कि उनकी पंक्ति बनाई जाए और पंक्ति में यहां लाया जाए। जितना अधिक से अधिक आ सकें। और मैं अनुमान लगाता हूं आपने सौ कार्ड के लगभग दे दिए गए हैं? ठीक हैं। उन्होंने सौ कार्ड दे दिए हैं और यह इमारत दो सौ पचास से अधिक समा नहीं सकती। मैं अनुमान लगाता हूं या इस तरह का कुछ इसलिए अनुमानतः अनेको होंगे यहां.......

101 कितने लोगों के पास प्रार्थना कार्ड नहीं हैं और आप चाहते हैं कि प्रभु आपको ठीक करे। अपने हाथों को उठाएं जहां कहीं भी इस इमारत में हो और उनके पास प्रार्थना कार्ड नहीं है। आधे के लगभग होंगे। ठीक है अब वहां केवल एक ही सही रास्ता है कि हम उसे करें।

102 वहां कुछ है जो कि मेरे दिमाग में है। कुछ मेरे हृदय में है। मैं यह नहीं कह सकता हूं मैं जानता हूं कि मैं जो कुछ कह रहा हूं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं। मैं प्रभु को पकड़े हूं। मैं उस रेगिस्तान में पीछे और पीछे की ओर जा रहा हूं। मैं प्रभु से फिर से मिलूंगा। वहां कुछ है। उस रेत पर फिर से जाऊंगा जैसे कुछ वर्ष पहले था। मैं उससे बात करना चाहता हूं। मैं उसे दर्शन में देखता हूं दोबारा। मैं उम्मीद करता हूं मैं 'उसे' फिर से देखूंगा जैसा मैंने उसे पहले छोड़ दिया था। कुछ ऐसा है जैसा पवित्रशास्त्र कहता है। मैं नहीं जानता यह मेरे हृदय में है। और हर समय मैं इसे कहता हूं कि कुछ घटित होता है। मैं केवल......मैं हूं......मैं केवल एक जगह पर हूं। मैं नहीं जानता कि क्या करें। मैं इस सेवकाई में विश्वास करता हूं जो कि कुछ अब धुंधली हो गई है और कुछ और है जो कि

ज्यादा अच्छा है और अपने स्थान पर होने जा रहा है। इस आने वाले सप्ताह में या एक या दो सप्ताह में मैं उस पवित्र रेगिस्तान में जा रहा हूं। यदि मैं उस रेगिस्तान में पिछली ओर जा सका और देख सका कि मैं उस प्रभु से मुलाकात कर सकूं। मैं आराम नहीं कर सकता मैं शांति नहीं पा सकता जब तक की मैं 'उसे' पा नहीं लेता पूरी तौर से। मैं इसे समझ नहीं सकता। वह कभी मेरी ओर नहीं मुडता है मैं विश्वास नहीं करता वह इस समय करेगा। मैं गिडगिड़ा रहा हूं कि वह आए और मेरी मद्द करे।

